C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में सोमवार
सायं 7:15 बजे




सूर्योदय
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सुबह 5:17 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 18 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | सोमवार, 1 जुलाई 2024

500 करोड़ी क्लब में पहुंची...पेज-3 पर

भारतीय न्याय संहिता के तहत पहला मामला दिल्ली में दर्ज

# देशभर में आज से नए आपराधिक कानून लागू



**12** दिसंबर 2023 को केंद्र सरकार ने लोकसभा में तीन संशोधित आपराधिक विधियकों को पेश किया था

**21** दिसंबर, 2023 को राज्यसभा ने और लोकसभा ने 20 दिसंबर मंजूरी दी

**नई दिल्ली**

**एजेंसी**

दिल्ली के कमला मार्केट थाने में भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत पहला मामला दर्ज हो गया है। 25 दिसंबर, 2023 को राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद विधेयक कानून बन गए थे। लेकिन इनके प्रभावी होने की तारीख 1 जुलाई, 2024 रखी गई।

देशभर में आज से लागू हो चुके नए कानून के तहत दिल्ली में पहला मामला दर्ज कर लिया गया है। मामला दिल्ली के कमला मार्केट थाना इलाके में दर्ज हुआ है। जिसमें खुद पुलिस थाने के सब इंस्पेक्टर ने आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

दर्ज मामले के मुताबिक, उप निरीक्षक कार्तिक मीणा ने यह शिकायत दर्ज कराई है। बताया जा रहा है कि उप निरीक्षक इलाके में गश्त कर रहे थे, तब वह नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के फुट ब्रिज के पास डीलक्स शौचालय के नजदीक पहुंचे । यहां पर एक शख्स अपनी रेहड़ी लगाकर आम रास्ते पर पानी, बिड़ी और सिगरेट बेच रहा था।

इससे लोगों को वहां से गुजरने में परेशानी हो रही थी। उप-निरीक्षक ने उसे रेहड़ी हटाने के लिए कहा। लेकिन रेहड़ी मालिक ने अपनी मजबूरी बताई। वहां से नहीं जाने पर पुलिस कर्मी ने रेहड़ी वाले के खिलाफ सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करने और आमजन के आने जाने में दिक्कत करने का मामला दर्ज किया है।

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सीपी छाया शर्मा ने बताया कि पुराने मामलों को आईपीसी के तहत निपटाया जाएगा। एक जुलाई से जब नए मामले दर्ज किए जाएंगे, तो उन पर बीएनएस (भारतीय न्याय संहिता) की धाराएं लागू होंगी। सभी को इन धाराओं का पालन करना होगा। अब नए मामलों को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धाराओं के तहत निपटाया जाएगा।

तीन नए आपराधिक कानून लागू होने पर पुडुचेरी की पूर्व एलजी और पूर्व आईपीएस अधिकारी किरण बेदी ने कहा कि इससे मुझे जो सबसे बड़ा लाभ दिखाई देता है, वह यह है कि इससे पुलिस को जवाबदेही, पारदर्शिता, तकनीक, पीड़ितों के अधिकार, अदालतों में त्वरित सुनवाई, अभियुक्तों के अधिकारों के लिए पुनः प्रशिक्षण मिल रहा है।

◆ वकील बोले- अपराध कम होंगे, देश की न्यायिक व्यवस्था होगी ज्यादा मजबूत

◆ स्पेशल सीपी छाया शर्मा ने कहा पुराने मामले आईपीसी के तहत निपटाए जाएंगे



### पहले लोकसभा और फिर राज्यसभा से मिली मंजूरी

भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम को 12 दिसंबर 2023 को केंद्र सरकार ने लोकसभा में तीन संशोधित आपराधिक विधियकों को पेश किया था। इन विधेयकों को लोकसभा ने 20 दिसंबर, 2023 को और राज्यसभा ने 21 दिसंबर, 2023 को मंजूरी दी।

### तीन नए विधेयक

भारतीय दंड संहिता में 511 धाराएं थीं, लेकिन भारतीय न्याय संहिता में धाराएं 358 रह गई हैं। संशोधन के जरिए इसमें 20 नए अपराध शामिल किए हैं, तो 33 अपराधों में सजा अवधि बढ़ाई है। 83 अपराधों में जुर्माने की रकम भी बढ़ाई है। 23 अपराधों में अनिवार्य न्यूनतम सजा का प्रावधान है। छह अपराधों में सामुदायिक सेवा की सजा का प्रावधान किया गया है।

### राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद बने कानून

राज्यसभा में विधेयकों को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा पेश किए जाने के बाद ध्वनि मत से पारित किया गया था। इसके बाद 25 दिसंबर, 2023 को राष्ट्रपति से मंजूरी के बाद विधेयक कानून बन गए। लेकिन इनके प्रभावी होने की तारीख 1 जुलाई, 2024 रखी गई। संसद में तीनों विधेयकों पर चर्चा के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि इनमें सजा देने के बजाय न्याय देने पर फोकस किया गया है।

## बारिश से जहां मिली राहत, वहीं 10 सड़कें बंद होने से हुई परेशानी

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

मानसून की दस्तक में पर्याप्त वर्षा से लोगों को राहत मिली है। तापमान में गिरावट के साथ ही खरीफ की फसल की बुवाई के लिए किसानों ने कमर कस ली है। धान की पौध लगाने का काम शुरू हो गया है।

वहीं वन विभाग ने भी प्लांटेशन की तैयारी शुरू कर दी है। इधर बीते 24 घंटे में नैनीताल जिले में 38.5 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण से मिली जानकारी के अनुसार नैनीताल में सबसे अधिक 95.5 मिमी, हल्द्वानी में 89.0 एमएम, रामनगर में 21.0 व कालाढूंगी में 27.0 एमएम बारिश रिकार्ड की गई। मुक्तेश्वर में सबसे कम 0.9 एमएम बारिश हुई। इसके अलावा बारिश से गौला नदी का जल संस्थन 60 हजार क्यूसेक, कोसी नदी का करीब 77 हजार व नंधौर नदी का जलस्तर 35 हजार क्यूसेक रहा। जिले में एक राज्य मार्ग समेत 10 सड़कें बाधित हैं। इनमें गर्जियां-बेतालघाट-खैरना, डोला न्याय पंचायत मार्ग, फतेहपुर-पीपल अणिया मार्ग, लमजाला मोटर मार्ग, बजून-अधौड़, पंगोट देचौरी मोटर मार्ग, रूसी बाईपास मार्ग, नाई-भूमका मोटर मार्ग, खनस्यूं-टाडा मोटर मार्ग व हरीशताल मोटर मार्ग शामिल हैं। यह मार्ग आज सोमवार से ही बंद हैं। बताया गया कि इन सड़कों को जल्द खोल दिया जाएगा।

**आफत**

- गौला नदी का जलस्तर 60 हजार क्यूसेक पहुंचा

## चक्रवात की वजह से टीम इंडिया बारबाडोस में फंसी

**बारबाडोस**

**एजेंसी**

बारबाडोस का मौसम पिछले कुछ दिनों से खराब है। मौसम रिपोर्ट के अनुसार, अगले कुछ घंटों में वहां चक्रवाती तूफान की आशंका जताई गई है। वहीं, 170-200 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। इस स्थिति में ब्रिजटाउन के हवाई अड्डे को बंद कर दिया गया है।

भारत ने शनिवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सात रनों से जीत दर्ज कर टी20 विश्व कप 2024 का खिताब अपने नाम कर लिया। अब भारतीय फैंस को रोहित शर्मा की सेना का इंतजार है।

हालांकि, अब तक टीम इंडिया की रवानगी को लेकर कोई अपडेट आया है। इस बीच खबर है कि बारबाडोस में तूफान की वजह से भारतीय टीम की वापसी में कुछ और दिन लग सकते हैं। रोहित शर्मा की



कप्तानी में भारत ने 17 साल बाद टी20 विश्व कप का खिताब अपने नाम किया। इससे पहले 2007 में तत्कालीन कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के नेतृत्व में टीम इंडिया ने पहला खिताब जीता था। इस टूर्नामेंट में भारतीय खिलाड़ियों ने जबरदस्त प्रदर्शन किया। यही वजह है कि फैंस उनसे मिलने के लिए बेताब हैं। हालांकि, अभी कुछ दिन प्रशंसकों को और इंतजार करना पड़ सकता है।

दरअसल, बारबाडोस का मौसम पिछले कुछ दिनों से खराब है। मौसम रिपोर्ट के अनुसार, अगले कुछ घंटों में वहां चक्रवाती तूफान की आशंका जताई गई है। वहीं, 170-200 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। इस स्थिति में ब्रिजटाउन के हवाई अड्डे को बंद कर दिया गया है। वहीं, टीम इंडिया को होटल में ही रुकने को कहा गया है। रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि बीसीसीआई उनके लिए चार्टर प्लेन की व्यवस्था कर रही है।

# डेस्टिनेशन टूर गाइड प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड पर्यटन विभाग और नेशनल स्किल्स डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के सहयोग से चल रहा दस दिवसीय डेस्टिनेशन टूर गाइड प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हो गया है।

बता दें कि प्रशिक्षण कार्यक्रम ने नैनीताल जिले के युवाओं को पर्यटन के क्षेत्र में नई दिशा देने का काम किया है। कार्यक्रम में नैनीताल समेत रामनगर, हल्द्वानी और सातताल के 30 उत्साही छात्रों ने प्रशिक्षण हासिल किया। इन छात्रों का पहले से ही होटल उद्योग, गाइडिंग और टूर ट्रेवल्स में कार्य था और यह महत्वपूर्ण प्रशिक्षण उनके कौशलों को और भी मजबूत बनाने में सहायक हुआ ।





इस प्रशिक्षण में 30 फीसदी से अधिक महिलाओं ने भाग लिया जिससे महिला उद्यम को बढ़ावा मिला। प्रशिक्षण का शुभारंभ विधायक सरिता आर्या, पर्यटन विभाग की अपर निदेशक पूनम चंद और कमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत समेत डीएसबी परिसर के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो.अतुल जोशी व प्रो.गिरीश रंजन तिवारी ने किया। प्रशिक्षण सत्र में कुमाऊं विवि के पर्यटन विभाग के प्राध्यापक डॉ. अशोक कुमार, इतिहास विभाग के डॉ. रितेश साह, मशहूर संस्कृति विशेषज्ञ डॉ. हेमंत जोशी, पत्रकारिता विभाग के डॉ.गिरीश रंजन तिवारी, पद्मश्री कल्याण सिंह रावत, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रेवल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट ग्वालियर की डॉ. कामाक्षी, वरिष्ठ पत्रकार डॉ. मनोज ईस्टवाल तथा बर्ड वाचर राजीव बिष्ट, 35 साल के गाइडिंग अनुभवी अनिल तिवारी और अन्य विशेषज्ञों ने छात्रों को अपने अनुभव से ज्ञान प्रदान किया। प्रशिक्षण के दौरान छात्रों ने नैनीताल ने चिडियाघर, टिफि न टॉप, सातताल, और गरुड़ताल और पक्षी देखने का अनुभव भी किया। उन्होंने नैनीताल की धरोहर और पर्यावरण संरक्षण के संदेश के लिए हेरिटेज वॉक और एक पर्यावरण संरक्षण रैली भी आयोजित की। समापन समारोह में प्रत्येक स्टूडेंट को प्रमाण पत्र और सातताल के पक्षियों से सम्बंधित किताबें भी वितरित की गई।

समापन समारोह में पर्यटन विभाग की अपर निदेशक पूनम चंद समेत पद्मश्री अनूप शाह, सेना के अधिकारी कमांडर प्रह्लाद पाटिल, होटलियर प्रवीण शर्मा और पर्यटन विभाग के डॉ अशोक कुमार ने अपनी विशेष उपस्थिति दी । समारोह में छात्रों ने परंपरागत नृत्य व गीत और अन्य प्रस्तुतियों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

प्रशिक्षण का संचालन नोडल अधिकारी पूनम चंद के परिचालन में हुआ जिनके मार्गदर्शन में छात्रों ने पर्यटन उद्योग के विभिन्न पहलुओं को समझा और सीखा।



## महाराजा अग्रसेन युवा समिति का प्याऊ के जीर्णोद्धार का कार्यक्रम का समापन

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

महाराजा अग्रसेन युवा समिति हल्द्वानी द्वारा मीरा मार्ग स्थित प्याऊ के जीर्णोद्धार का कार्यक्रम आज आधिकारिक रूप से संपन्न हुआ।

सर्वप्रथम अध्यक्ष विपुल अग्रवाल और श्री अग्रवाल सभा हल्द्वानी के अध्यक्ष नीरज प्रभात गर्ग द्वारा संयुक्त रूप से पूजा की गई और उसके पश्चात रिबन काटकर शुरुआत की गई। अध्यक्ष विपुल अग्रवाल ने बताया की सन 1999 को महाराजा अग्रसेन युवा समिति द्वारा इसका निर्माण कराया गया था। इस कार्यकारिणी ने प्राथमिकता रखते हुए इसके जीणोद्धार का कार्य सभी के सहयोग से पूर्ण कराया।

इस मौके पर मुख्य रूप से युवा समिति महामंत्री कनव अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष अग्रवाल सभा सुशील अग्रवाल पप्पी, अग्रवाल सभा महामंत्री मनोज अग्रवाल, निवर्तमान पार्षद राजेंद्र अग्रवाल मुन्ना, देवेश अग्रवाल, आशुतोष अग्रवाल, असीम सिंघल,अभिषेक गर्ग, सरिल गोयल, अजय अग्रवाल मुन्ना, डॉ पंकज अग्रवाल, अरुण अग्रवाल आदि सदस्य उपस्थित थे।

## स्टडी वीजा पर इंग्लैंड भेजने के नाम पर फर्म संचालकों पर युवक से 9 लाख की ठगी

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

**मुकदमा**

- कोर्ट के आदेश पर दर्ज किया आरोपियों पर मुकदमा

स्टडी वीजा पर इंग्लैंड भेजने के नाम पर फर्म संचालकों ने किच्छा के युवक से नौ लाख रुपये की ठगी कर दी। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम मलसी निवासी अवतार सिंह ने बताया कि उसकी एक फर्म के संचालक गौरव कुमार और बलराज सिंह पहचान है।

उन्होंने बताया कि वे स्टडी और वर्क वीजा पर लोगों को विदेश भेजने का काम करते हैं। जुलाई 2022 में दोनों ने उसे नौ लाख रुपये ऽर्च पर स्टडी वीजा पर इंग्लैंड भिजवाने का आश्वासन दिया। इस पर उसने फर्म के ऑफिस में 6-30 लाख रुपये नगद दिए। 20 जुलाई 22 को 1,96,200 रुपये माता जसवीर कौर के खाते से ट्रांसफर किए। आरोपियों ने इंश्योरेंस के नाम पर 74,171 रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर कराए। अवतार सिंह का कहना है कि 20 जनवरी 23 को आरोपियों से इंग्लैंड का स्टडी वीजा लेकर वह दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचा। यहां एयरपोर्ट अथॉरिटी और एंबेसी के कर्मचारियों ने वीजा को फर्जी बताते हुए उसे वापस भेज दिया। उसने आरोपियों से रकम वापस मांगी तो उन्होंने गालीगलौज कर उसे निकाल दिया। दोबारा पैसे मांगने पर जान से मारने की धमकी दी। बीती 18 दिसंबर को उसने थाने और 22 दिसंबर को एसएसपी को पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की लेकिन आज तक कार्रवाई नहीं हुई। अब कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## NEWS / फटाफट

### चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए डा. रखोलिया सम्मानित



**हल्द्वानी।** वाडोकाई कराटे संघ ने चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले डा. ललित मोहन रखोलिया को सम्मानित किया। साथ ही संघ ने उनके उज्जवल भविष्य की भी कामना की। अपेक्षा भी जताई कि डा. रखोलिया द्वारा जिस तरह से मरीजों की सेवा की जा रही है, वह उसे उसी प्रकार जारी रखेंगे। वाडोकाई कराटे संघ की ओर से शहर के एक होटल में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए डा. ललित मोहन रखोलिया को संघ के अध्यक्ष ललित पंत पूर्व दर्जा राज्यमंत्री उत्तराखंड सरकार एवं कार्यक्रम संयोजक शिहान उदयवीर सिंह (ब्लैक बैल्ट 7वां डॉन) द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने डा. रखोलिया द्वारा चिकित्सा के क्षेत्र के कार्यों की सराहना की। इस मौके पर महेंद्र सिन्हा, पंकज जायसवाल, प्रियंका त्रिपाठी सहित कई लोग मौजूद रहे।

### ऑडियो मामले की जांच में उचित कार्यवाही होः सुमित हृदयेश



**हल्द्वानी।** हल्द्वानी। भाजपा राज में देवभूमि लगातार शर्मशार हो रही है। पहले से ही सत्ताधारी भाजपा के नेताओं द्वारा समय समय पर देवभूमि को शर्मसार किया जा रहा था अब कानून के रक्षक ही भक्षक बन देवभूमि को कलंकित करने पर उतारू है। यह बात विधायक सुमित हृदयेश ने कहीं। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं और पुलिस प्रसाशन की आपसी साठगांठ जगजाहिर है। इसलिए पुलिस इंस्पेक्टर की अश्लील ऑडियो की गहन जांच उपरांत उचित वैधानिक कार्यवाही होनी चाहिये ताकि भविष्य में कोई भी अधिकारी/कर्मचारी अपने पद का दुरुपयोग करने के बारे में सोच भी ना सके। किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ ने एक जागरूक जनप्रतिनिधि के नाते इस गंभीर मामले को तत्परता के साथ उठाया यह हम सबके लिये नजीर है।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

–संपादक

**पूर्व प्रधान संपादकः**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
**आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558**
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

## राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन जनपद के लिये स्वीकृत कार्य योजना के सम्बन्ध में बैठक

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन जनपद के लिये वित्तीय वर्ष 24-25 के लिए स्वीकृत कार्य योजना के सम्बन्ध में बैठक अपर जिलाधिकारी शिव चरण द्विवेदी की अध्यक्षता में जिलाधिकारी के सभागार पर आयोजित हुई। इस दौरान जनपद नैनीताल के लिये कार्यक्रमवार 50.55 करोड़ की धनराशि राज्य स्तर से स्वीकृत है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत संचालित हो रहे योजनों के संचालन के लिए ब्लाकों को धनराशि के वितरण का विवरण जिला स्वास्थ्य समिति के समुख रखा गया, जिसमे मुख्यतः गैर संचारित रोग, संचारित रोग, अर्बन हेल्थ , फ्री ड्रग स्किम, बेल्ड सेल, हॉस्पिटल उपकरण, पब्लिक हेल्थ, आशा कार्यक्रम, बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, बीडी पांडे जिला चिकित्सालय पर टाइप -4 के होसिटल, मेडिकल स्टोर, कार्डिक केयर यूनिट, जीबी पंत चिकित्सालय मे टाइप 4 के 6 आवास , टाइप 3 के 4 आवास , टीबी सेनिटोरियम भवाली के वार्डो की मरमत , बेस अस्पताल की मरमत के लिये धनराशि प्राप्त हुई है व मातृ मृत्यु एवं शिशु मृत्यु समीक्षा भी किये गये।



वही 10 जुलाई से आरंभ हो रहे जनसख्या नियंत्रण पखवाड़ा के तहत अपर जिलाधिकारी को मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद के सभी प्रभारी चिकित्सा अधिकारियो को निर्देश दिये जा चुके है समय से पखवाड़े प्रचार प्रसार करे, इस वर्ष की थीम विकिसित भारत की नई पहचान, परिवार नियोजन हर दंपत्ति की शान है। इस कार्यक्रम के तहत समस्त चिकित्सा इकाइयों मे परिवार कल्याण सामग्री के कॉर्नर भी बनाए गए है। इस दौरान बीडी पांडे अस्पताल , बेस चिकित्सालय हल्द्वानी, महिला चिकित्साकय हल्द्वानी व ब्लाक पर कैम्प आयोजित कर प्रति दिन पुरुष नसबंदी, महिला नसबंदी के साथ परिवार कल्याण सम्बंधित अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएगी। जल्द ही डायरिया पखवाड़ा जनपद पर आयोजित होना है इसके लिये अपर जिलाधिकारी द्वारा आशाओ के माध्यम से घर घर जाकर ओआरएस विधि के बारे मे जनमानस को जागरूक किया जाए सभी अस्पतालों में ओआरएस व जिंक कॉर्नर बनाये जाएं जिससे लोगो को आसानी से ओआरएस व जिंक प्राप्त मात्रा में उपलब्ध हो। बैठक मे अवगत कराया गया की रामनगर क्षेत्र मे स्किल सेल रोग के लिये जनजाति बाहुल्य क्षेत्र मे स्क्रीनिंग अभियान चलाया जा रहा है. पीसीपीएनडीटी जिला सलाहकार समिति की बैठक पर अपर जिलाधिकारी द्वारा कहा गया कि अधिक से अधिक इंस्टेक्शन किये जाय व जनजागरूकता के लिये कार्य किया जाएं । जनपद स्तरीय टीबी फोरम की बैठक आहूत की गई जिसमें उपस्थित सदस्यों द्वारा क्षय रोग की जानकारी प्रदान की गई। अपर जिलाधिकारी द्वारा जनपद में क्षय रोग कार्यक्रम के प्रगति की समीक्षा की गई था प्राप्त उपलब्धियों की सराहना की गई। बैठक में उपस्थित टीबी चैंपियंस हंसी आर्य रामगढ़ ब्लाक, रमेश ओखलकांडा ब्लाक, सीमा जोशी हल्द्वानी ब्लाक द्वारा अपने अनुभवों को साझा किया गया जिन्हें पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

इस दौरान बैठक मे डॉ. तरुण कुमार टम्टा, प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ. उषा जंगपगी, डॉ.गणेश धर्मसतु, जिला शिक्षाधिकारी, जिला विकास अधिकारी, डॉ.मनोज कांडपाल, जिला कार्यक्रम अधिकारी, मदन मेहरा जिला कार्यक्रम प्रबंधक , दीवान बिष्ट, पंकज तिवारी, बच्चन कालाकोटी, राघवेंद्र रावत, अजय भट्ट, सरयू जोशी, मनोज बाबू, सपना कांडपाल, दीपक कांडपाल ललित, देवेंद्र, नंदन कांडपाल, आनंद खंडूरी, बसंत समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

# अभिमत



## संकट की अनदेखी

*उत्तराखंड में जल संकट ग्रीष्मकाल के साथ ही अन्य मौसम में भी रहता है। राज्य सरकार शुतुरमुर्ग की तरह संकट की अवस्था में आंख बंद करके मुंह छिपाने का प्रयास करती है। मौसम का बहाना बनाकर जिम्मेदारी से बचती रहती है। गंगा, यमुना, सरयू, कोसी आदि नदियों के उद्‌गम और हिमालय की गोद में बसे उत्तराखंड के लोग बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। एक तरफ हिमालय से निकलने वाली नदियां भारत के अनेक प्रदेशों के लोगों की प्यास बुझाने के साथ ही कृषि की सिंचाई करती हैं, वहीं दूसरी तरफ पर्वतीय, भाबर और तराई के लाखों लोगों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है।*

उत्तर भारत में भीषण गर्मी के साथ जल संकट से लोग परेशान हैं। उत्तराखंड में जल संकट ग्रीष्मकाल के साथ ही अन्य मौसम में भी रहता है। राज्य सरकार शुतुरमुर्ग की तरह संकट की अवस्था में आंख बंद करके मुंह छिपाने का प्रयास करती है। मौसम का बहाना बनाकर जिम्मेदारी से बचती रहती है। गंगा, यमुना, सरयू, कोसी आदि नदियों के उद्‌गम और हिमालय की गोद में बसे उत्तराखंड के लोग बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। एक तरफ हिमालय से निकलने वाली नदियां भारत के अनेक प्रदेशों के लोगों की प्यास बुझाने के साथ ही कृषि की सिंचाई करती हैं, वहीं दूसरी तरफ पर्वतीय, भाबर और तराई के लाखों लोगों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। खाली बर्तन लेकर महिला, पुरुष व बच्चे प्रदर्शन करते हैं। जल संस्थान के कार्यालयों में अधिकारियों का घेराव करते हैं। विडम्बना यह है कि वोट देकर जिन सांसद व विधायकों को चुनते हैं, उनका घेराव नहीं करते हैं। शीतकाल में हिमपात और बारिश कम होने से जल संकट और अधिक गंभीर हो गया है। जल संकट का मुख्य कारण पहाड़ से लेकर तराई तक पेड़ों को काटकर जंगल खत्म करना है। प्राकृतिक जलस्रोत सूखते जा रहे हैं। पेड़ काटने के साथ ही जंगल में आग लगाने से जलस्रोतों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। जलजीवन मिशन के तहत हर घर तक नल पहुंचाने का राग अलापा जाता है। यह भी कहा जा रहा है कि बिजली की तरह जल के कनेक्शन पर मीटर लगाया जायेगा। जल शुल्क पहले से ही लिया जा रहा है। सवाल यह उठता है कि वर्तमान में बिजली व जल क्या निःशुल्क दिया जा रहा है? बिजली की दर लगातार बढ़ाई जा रही है। उपभोक्ता बिल जमा करते हैं, लेकिन उनको निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति नहीं की जाती है। अपने गलत कार्यों का दोष प्रकृति पर मढ़कर शासन और प्रशासन अपनी जिम्मेदारी से बचता रहा है, परन्तु भविष्य में ऐसा करना संभव नहीं होगा। लोग जागरूक हो चुके हैं। मंत्रियों, जनप्रतिनिधियों और छुटभैये नेताओं के घर टैंकर से जल उपलब्ध कराकर अधिकारी अपना बचाव करते हैं। तराई में आर्टिजन सूख गये हैं। जलाशयों में जल स्तर इस हद तक गिर गया है कि नहरों के लिए आपूर्ति नहीं हो पा रही है। भूगर्भीय जल स्तर गिरने से नलकूपों से क्षमता के अनुरूप जलापूर्ति नहीं हो रही है। शीतकालीन बारिश नहीं होने से ग्रीष्मकाल के फलों का उत्पादन कम हुआ। बागवानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। उत्तराखंड के लोगों को पेयजल और किसानों को खेत की सिंचाई के लिए प्रकृति का ही सहारा है। यदि मानसून में औसत बारिश होगी तो खरीफ की फसल में उत्पादन प्रभावित नहीं होगा। उत्तराखंड में तालाबों व अन्य जलस्रोतों को पुनर्जीवित करने का प्रयास नहीं किया जा रहा है।

# हल्द्वानी आगमन पर अजय टम्टा का भव्य स्वागत





**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

सड़क परिवहन एवम् राजमार्ग राज्य मंत्री बनने के बाद प्रथम बार हल्द्वानी आगमन सांसद अल्मोडा अजय टम्टा का भाजपा कुमाऊँ संभाग कार्यालय हल्द्वानी में स्वागत और अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम प्रताप सिंह बिष्ट

जिला अध्यक्ष भाजपा नैनीताल के नेतृत्व में संपन्न हुआ केंद्रीय मंत्री का ढोल नगाड़ों फूल मालाओं के साथ भव्य स्वागत हुआ और कार्यकर्ताओं में मिष्ठान वितरण भी किया गया। इस मौके पर उन्होंने सारे कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देते हुए कहा भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता निष्ठावान है और आज भारतीय जनता पार्टी को उत्तराखंड में मजबूती के साथ पांचो सीटों पर जीता है यह हमारे कार्यकर्ताओं की ही मेहनत है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी का धन्यवाद देते हुए कहा कि इन 10 सालों में प्रधानमंत्री मोदी ने चार धाम को जोड़ने का काम किया है और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने टनकपुर से लिपुलेख तक का पार्वती सरोवर तक का काम लगातार चल रहा है यह सब काम माननीय मोदी जी के नेतृत्व में हुए।

उन्होंने कहा कैंची धाम में बाईपास और टनल बनाने की दिशा में भी काम किया जाएगा। ज्योलिकोट, भवाली से लेकर खैरना और पांडुखाल तक सड़क को जोड़कर मानसखंड की प्रोजेक्ट को पूरा करेंगे, ताकि केदारखंड तक सड़क जुड़ी हो, उन्होंने बताया काशीपुर से रामनगर को फोरलेन से जोड़ा जाएगा। 2 महीने बाद देहरादून से दिल्ली का सफर 2 घंटे में पूरा किया जाएगा। इसकी भी शुरुआत हो जाएगी, सड़के सुरक्षित हो इसको लेकर उनका मंत्रालय हर संभव प्रयास कर रहा है। कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री राजेंद्र सिंह बिष्ट, नैनीताल विधायक सरिता आर्या, जिला पंचायत अध्यक्ष बैला तोलिया, जिला सह प्रभारी विवेक सक्सेना, प्रदेश कोषाध्यक्ष साकेत अग्रवाल, प्रदेश मंत्री राकेश नैनवाल, प्रदेश प्रवक्ता विकास भगत, पूर्व प्रदेश मन्डी अध्यक्ष गजराज सिंह बिष्ट, जिला महामंत्री रंजन बर्गली,व नवीन भट्ट मंडल अध्यक्ष प्रताप रैकवाल,व किशोर जोशी, संजय पांडे, प्रतिभा जोशी, पूर्ब पालिकाध्यक्ष रेनू अधिकारी, राशि जैन आदि मौजूद रहे।

## स्मैक समेत एक दबोचा

**हल्द्वानी।** रात्रि गश्त के दौरान पुलिस ने हजारों रुपए की स्मैक सहित तस्कर को गिरफ्तार किया है। बनभूलपुरा थाने में तैनात एस आई वीरेंद्र चंद्र अपने दल बल के साथ रात्रि में गश्त कर रहे थे। गश्त करते हुए पुलिस गोला बाईपास की पार्किंग पहुंचे जहां एक युवक पुलिस को देखकर भागने लगा संदेह होने पर पुलिस ने घेरा बंदी करते हुए। उसे पकड़ लिया और उसकी तलाशी ली। 7.88ग्राम स्मैक बरामद हुई। उसे ताजमहल तस्कर ने अपना नाम वासिद निवासी जवाहर नगर बताया पकड़े गए तस्कर में बताया कि वह स्मैक बहाली बरेली किच्छा से सस्ते दामों में खरीद कर लाता है और बेचता है।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम सुशील कुमार से बदलकर सुशील कुमार अग्रवाल रख लिया है। अत: भविष्य में मुझे सुशील कुमार अग्रवाल नाम से जाना पहचाना जाए। - **सुशील कुमार अग्रवाल पुत्र विद्या रतन, 2/37 नियर बीरशिवा स्कूल, भोटियापड़ाव, हल्द्वानी ( नैनीताल )**

# रोडवेज कंडक्टर का ड्यूटी के दौरान नशे में टल्ली होने का वीडियो वायरल

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड परिवहन निगम का कंडक्टर ड्यूटी में नशे में मिला। उसका वीडियो वायरल होने के बाद डिपो प्रबंधन की ओर से कार्रवाई की तैयार की जा रही है।

जानकारी के अनुसार हल्द्वानी डिपो की बस बीती रविवार को दिल्ली के लिए रवाना हुई। इस बस में तैनात परिचालक ने नशा कर लिया। इधर सोमवार को इसका वीडियो वायरल होने के बाद डिपो प्रबंधन ने इसका संज्ञान लिया। वीडियो में कंडक्टर नशे में टल्ली दिखाई देता है और यात्री उससे टिकट बनाने का आग्रह कर रहे हैं।

वह चलती बस में यात्रियों से इस तरह व्यवहार कर रहा है कि इससे स्पष्ट है कि वह नशे में है। यात्री भी उसकी हरकत से परेशान दिखाई दे रहे हैं। इधर हल्द्वानी डिपो के सहायक महाप्रबंधक सुरेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि वीडियो देखने के बाद संबंधित परिचालक का स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिऐ हैं। हालांकि दोपहर तक यह बस अभी दिल्ली से नहीं लौटी थी। वीडियो वायरल होने के बाद आज रोडवेज बस अड्डे में यह मामला चर्चा का विषय बना रहा।



**कार्रवाई**

- **एआरएम ने लिया संज्ञान, स्पष्टीकरण मांगा**

## रोडवेज बसअड्डे से सवारी भर रहे प्राइवेट बस ऑपरेटर, अफसर मौन

**हल्द्वानी।** रोडवेज प्रबंधन डग्गामार वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करने से बच रहा है। वहीं परिवहन व पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली भी सवाले के घेरे में है। बताया गया कि रात को निजी बस आपरेटर रोडवेज बस अड्डे के भीतर से ही सवारियां भर रहे हैं। इस मामले में रोडवेज के आलाधिकारी मौन साधे हुए हैं। वहीं रोडवेज बसअड्डे के गेट के ठीक सामने वाली सड़क में दिनभर टैक्सियां खड़ी रहती हैं, वैसे अमूमन देखा गया है कि वहां कार आदि खड़ी करने पर पुलिस कर्मी तत्काल जैमर लगा देते हैं लेकिन इन टैक्सियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो रही। टैक्सी चालक बेरोकटोक रोडवेज बसअड्डे से सवारी भर रहे हैं। इसका सीधे नुकसान परिवहन निगम को उठाना पड़ रहा है। पूर्व में परिवहन सचिव ने बसअड्डे का दौरा कर डग्गामार वाहनों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिये थे। इस पर रोडवेज व आरटीओ विभाग के अधिकारियों ने खानापूर्ति के लिए अभियान चलाया लेकिन स्थिति फिर से जस की तस हो गई।

# फिल्मी दुनिया

## 500 करोड़ी क्लब में पहुंची प्रभास की फिल्म




*कल्कि 2898 एडी का डंका देश के साथ विदेश में भी बज रहा है। फिल्म को दुनिया के हर कोने से प्यार मिल रहा है। 27 जून को रिलीज हुई यह फिल्म ताबड़तोड़ कमाई के साथ हर दिन नए रिकॉर्ड बना रही है। वैश्विक स्तर पर फिल्म 500 करोड़ी क्लब में शामिल हो गई है। छप्परफाड़ कमाई करते हुए यह फिल्म उत्तरी अमेरिका में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली शीर्ष 10 भारतीय फिल्मों की सूची में जगह बनाने में कामयाब रही है। प्रभास और दीपिका पादुकोण, अमिताभ बच्चन, कमल हासन और दिशा पाटनी अभिनीत इस फिल्म ने चौथे दिन एक बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। नाग अश्विन के निर्देशन में बनी यह फिल्म 500 करोड़ के प्रतिष्ठित क्लब में शामिल हो गई है। कल्कि 2898 ष्ठ के निर्माताओं ने रविवार रात को एक्स पर इस बात की आधिकारिक घोषणा कर दी। कलेक्शन के आंकड़े वैश्विक स्तर के हैं। इस कमाई के साथ कल्कि 2898 एडी पांचवीं सबसे ज्यादा कमाई करने वाली तेलुगु फिल्म बन गई है। इससे पहले बाहुबली द कन्क्लूजन, आरआरआर, सालार पार्ट 1 और बाहुबली द बिगिनिंग यह कारनामा कर चुकी है। इस लिस्ट में प्रभास की कुल चार फिल्में शामिल हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि पहले हफ्ते में प्रभास की यह फिल्म 1,000 करोड़ रुपये के क्लब में शामिल हो जाएगी। यह फिल्म 1500 करोड़ के क्लब में जगह बना पाएगी या नहीं, यह सोमवार के कलेक्शन पर निर्भर करेगा।*

### लोगों में जबर्दस्त दीवानगी

*फिल्म को लेकर लोगों में जबर्दस्त दीवानगी देखने को मिल रही है। ताजा अपडेट के अनुसार इस क्षेत्र में फिल्म ने एक करोड़ डॉलर का कलेक्शन कर लिया है। इसके साथ ही यह उत्तरी अमेरिका में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्मों की सूची में आठवें पायदान पर पहुंच गई है। इससे आगे की अब केवल बाहुबली 2, पठान, आरआरआर, जवान, एनिमल, दंगल और पद्मावत है। उम्मीद जताई जा रही है कि कल्कि 2898 एडी अपने लाइफटाइम कलेक्शन तक इस क्षेत्र में शीर्ष तीन में जगह बनाने में कामयाब रहेगी।*

# नीट पेपर लीक मामले को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला फूंका

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नैनीताल में कांग्रेसियों ने रविवार को नीट पेपर लीक मामले को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला फूंका साथ ही इस मामले की सीबीआई जांच की भी मांग की।

इस दौरान एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष सुमित लोहनी ने बताया कि नीट पेपर लीक प्रकरण का विरोध करते हुए युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों ने नैनीताल में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और केंद्रीय शिक्षण संस्थान का पुतला दहन किया। कहा कि देश में युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। देश का पढने वाला युवा दिन रात मेहनत करके अपने भविष्य की तैयारी करता है। कहा कि इस प्रकार की पेपर लीक की घटना पूर्णतया निंदनीय है। इस आधार पर उन्होंने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से नैतिकता के चलते इस्तीफे की मांग की साथ ही पेपर लीक मामले के दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की। इस मौके पर धीरज बिष्ट, सुनीता आर्या, लता तरुण, अमित कुमार, ललित बोरा, नितिन, सचिन कुमार, राजेंद्र व्यास, आयुष आर्या, प्रियांशु बिष्ट, योगेश, रवि, प्रियंजल बोरा,डा. भावना भट्ट तथा बंटू आर्या तथा प्रेम शर्मा आदि मौजूद रहे।



News कॉर्नर

## चोरी करने के आरोपी को दोषमुक्त करार

**नैनीताल।** घर में घुसकर चोरी करने के आरोपी को न्यायालय ने दोषमुक्त करार दिया है। मामले के अनुसार 6 फ रवरी 2021 को धारा 380, 457 तथा 411 भारतीय दंड संहिता थाना भवाली संजय पुत्र गिरीश चंद्र निवासी डोब ल्वेशाल नियर ग्राफि क एरा यूनिवर्सिटी सातताल रोड के विरुद्ध एक मामला पंजीकृत हुआ। जो न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट सिविल जज जू0डि0 नैनीताल तनुजा कश्यप उत्तराखण्ड न्यायिक सेवा न्यायालय मजिस्ट्रेट नैनीताल के यहां चला। इस मामले में अभियोजन द्वारा 6 गवाह न्यायालय में पेश किए गए जिस हेतु अभियुक्त के अधिवक्ता सुनील कुमार आर्या द्वारा मुकदमे की पैरवी कर अभियुक्त को 29 जून 2024 को दोषमुक्त कराया गया।

## वनभूलपुरा से एक और युवती लापता

**हल्द्वानी।** शहर के वनभूलपुरा क्षेत्र से एक और युवती लापता हो गई है। परिजनों ने उसकी गुमशुदगी वनभूलपुरा थाने में दर्ज कराई है। उजाला नगर वार्ड 29 निवासी सईदा बेगम पत्नी स्व. शरीक अहमद ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उसकी पुत्री मुस्कान 29 जून को घर से बिना बताए कहीं चली गई। उसकी हर जगह ढूंढ खोज भी की गई लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। वह घर में रखी 45 हजार रूपए की नगदी और अन्य सामान भी लेकर गई है। आरोप है कि उसकी पुत्री मूलरूप से मुजफ्फरनगर हाल निवासी नूरी मस्जिद इंद्रानगर में रहने वाले एक युवक के साथ गई है। महिला ने उसकी पुत्री को बरामद करने की गुहार लगाई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी।

# अब नये कानून बदलाव के मुताबिक ही दर्ज होंगे केस: मिगलानी

**नैनीताल /हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

देशभर में 01 जुलाई से नए कानून लागू हो रहे हैं। हाईकोर्ट के अधिवक्ता ललित मिगलानी ने बताया की अब से नये कानून के बदलाव के मुताबिक ही केस दर्ज होंगे। मुख्य अपराधों की धाराएं बदल जाएंगी। अब इंडियन पीनल कोड (आईपीसी) की जगह भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) कहा जाएगा। क्रिमिनल प्रोसिजर कोड (सीआरपीसी) की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और एविडेंस एक्ट की जगह भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू हो जाएगा। अब विक्टिम के



ब्रेन डेड पर दोषी को 10 साल की सजा मिलेगी। किसी व्यक्ति को गिरफ्तार करने पर पुलिस को उसके परिवार को जानकारी देनी होगी। केस में 90 दिन में क्या किया, इसकी जानकारी पीड़ित को देनी होगी। अगर आरोपी 90 दिन में कोर्ट में पेश नहीं होगा तो अब उसकी गैरमौजूदगी में ट्रायल चलेगा। अब ट्रायल कोर्ट को 3 साल में फैसला देना होगा, फैसले के 7 दिन में सजा सुनानी होगी। मिगलानी ने बताया की ऐसे कई नये बदलाव है जिनकी जानकारी वो समय समय पर विस्तार से देते रहेगे चलिए कल से नय कानूनो का स्वागत करते है व बताया की टाइमलाइन तय, जांच में तेजी आएगी। इस दौरान बूंदी के जिला पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद मीणा ने बताया कि नए कानून का बड़ा फायदा यह है कि इसकी टाइमलाइन तय है। पुलिस की जांच और ट्रायल कोर्ट में फैसले का समय तय है, जिससे आमजन को जल्दी न्याय मिल सकेगा। नए कानून में अब ऑनलाइन विटनेस हो सकता है, सशरीर मौजूदगी जरूरी नहीं होगी, ऐसे में समय खराब नहीं होगा। केस पेंडिंग नहीं रहेंगे और समय पर समाधान होता जाएगा।

## कानूनों के तहत अभियोग पंजीकरण और न्यायिक प्रकिया शुरू



**हल्द्वानी।** एक जुलाई से नये अपराधिक कानून देशभर में लागू हो गए हैं। इन कानूनों के तहत अभियोग पंजीकरण और न्यायिक प्रकिया शुरू होगी। इसे लेकर पुलिस जनता में जागरूकता पैदा कर रही है। नए आपराधिक कानूनों को लेकर एसएसपी पीएन मीणा के निर्देश पर जिले में पुलिस जागरूकता अभियान चला रही है। इसके तहत बनभूलपुरा थाने में एसओ नीरज भाकुनी ने क्षेत्र के लोगों के साथ बैठक की और कानूनों के प्रारूप की जानकारी दी। जागरूकता के माध्यम से जनता में इन कानूनों को अपनाने पर जोर दिया गया। इस दौरान एसआई विनोद घई, निधि शर्मा, महबूब आलम, इसरार हुसैन, इशरत अली लईक कुरैशी मुन्ना सलमानी नबी अहमद शोएब अहमद विक्की खान चांद बाबू समेत कई लोग शामिल रहे।

# पुलिस कार्यालय पर युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

निलंबित थाना प्रभारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग को लेकर युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुलिस कार्यालय पर प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने निलंबित प्रभारी थानाध्यक्ष के कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

सोमवार को यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सुमिततर भुल्लर के नेतृत्व में यूथ कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्रित हो कर पुलिस कार्यालय पहुंचे। उन्होंने वायरल अश्लील ऑडियो प्रकरण में निलंबित प्रभारी थानाध्यक्ष के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने निलंबित प्रभारी थानाध्यक्ष के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की। आरोप है कि मात्र निलबंन की कार्यवाही की गई। अधिकारी अपने पद का दुरपयोग कर महिला के साथ अश्लील



हरकत की गयी है। कानून के उल्लंघन के साथ साथ मानवधिकार का हनन भी है।

जिले में कानूनी व्यवस्था काफी चुनौतीपूर्ण हो गयी है। जनता का पुलिस प्रशासन से विश्वास उठता जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी है अगर निलंबित प्रभारी थानाध्यक्ष के खिलाफ मुकदमा दर्ज नहीं किया तो आंदोलन को बाध्य होंगे।

**चेतावनी**

- निलंबित थाना प्रभारी के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत करने की मांग, कार्रवाई न होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

# रुद्रपुर में तैनात ट्रेफिक पुलिस कर्मी थाना गुप्तकाशी की बैरिक की छत से गिरा, मौत

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

रुद्रपुर से चारधाम ड्यूटी पर गए ट्रेफिक पुलिस कर्मी जनपद रुद्रप्रयाग के थाना गुप्तकाशी की बैरिक की छत से गिरने से गंभीर रूप घायल हो गए। गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने पुलिस कर्मी को मृत घोषित कर दिया। पुलिस कर्मी की मौत की सूचना मिलने पर महकमें में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस के मुताबिक रुद्रपुर में तैनात यातायात पुलिस कर्मी गणेश कुमार पुत्र रमेश राम निवासी पोस्ट थल तहसील डीडीहाट पिथौरागढ़ हाल जिला हरिद्वार के थाना ज्वालापुर गांव सुभाष नगर की यातायात ट्रेफिक रुद्रपुर में तैनाती हैं और वह मई माह में चारधाम ड्यूटी पर गया थे। वह गुप्तकाशी थाने की बैरिक में रुका हुआ था। शनिवार की करीब 12 बजे थाना गुप्तकाशी की बैरिक की छत से नीचे गिर गया। बताया जा रहा है कि उसी थाने में काशीपुर में तैनात टीएसआई यशवंत पाल भी रुके हुए



मृतक की फाइल फोटो

हैं। उन्हें किसी के गिरने की आहट सुनाई दी। वह कमरे से बाहर निकल कर आए तो देखा गणेश लहूलुहान हालत में पड़ा है। उसे आनन-फानन में अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा। पुलिस के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने जानकारी ली। घटना सूचना परिजनों को दी गई। परिवार के लोग भी वहां पहुंच गए। पुलिस सूत्रों के मुताबिक गणेश 25 फरवरी 2012 बैच का कांस्टेबल था। पुलिस कर्मी की मौत की सूचना मिलने पर महकमें में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक बड़ा मृदभाषी था। महकमें के कर्मी रविवार रात को शव लेकर हरिद्वार पहुंचे। सोमवार को दाह संस्कार होगा। परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के आवास पर विभागीय अधिकारी कर्मचारी पहुंचे और उन्होंने श्रद्धांजलि अर्पित की।

# जिले में अगले पांच दिन मानसून झमाझम के आसार

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

मौसम विभाग की माने तो अगले पांच दिन मानसून झमाझम बरसने जा रहा है। नैनीताल में भारी बारिश की संभावना जताई है। अलबत्ता मानसून पूरे राज्य में पहुंच चुका है।

मौसम विभाग के राज्य निदेशक डा. विक्रम सिंह ने बताया कि मानसून तय समय पर पहुंच चुका है और सामान्य रूप से पानी बरसा रहा है। अगले चार दिन मानसून के सक्रिय रहने की संभावना है जिसका असर पूरे राज्य में देखने को मिलेगा। इस बार मानसून के साथ लानीना भी सक्रिय होने जा रहा है। जिसका असर मानसून के मध्य सत्र से शुरू होगा और अक्टूबर तक जारी रहेगा जिस कारण सामान्य से बारिश होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। इस दौरान सतर्क रहने की जरूरत होगी।

दूसरी ओर नैनीताल में रविवार को हल्की बूंदाबांदी हुई जबकि घना कोहरा पूरे दिन नगर को अपने आगोश में लिए रहा। जिस कारण तापमान में गिरावट रही और मौसम सुहावना बना रहा।

सिंचाई विभाग की ओर से संचालित किए जा रहे झील नियंत्रण कक्ष के मुताबिक झील के जलस्तर में निरंतर वृद्धि हो रही है। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 23 व न्यूनतम 18 डिग्री सेल्सियस रहेगा। पिछले 36 घंटे में 51 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई है।

## वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. हरीश चंद्र हुए सेवानिवृत्त

**नैनीताल।** प्रसिद्ध भौतिक शास्त्री एवं कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर के भौतिकी विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. हरीश चंद्र चन्दोला 40 वर्ष की अविस्मरणीय शैक्षणिक सेवा पूर्ण करने के बाद रविवार को सेवानिवृत्त हुए। अपने सेवाकाल के दौरान प्रो. चंदोला एक विश्वप्रसिद्ध वैज्ञानिक तथा ख्यातिप्राप्त शिक्षक एवं स्वच्छ छवि के ईमानदार प्रसाशक रहे एवं कुमाऊं विश्वविद्यालय को वैश्विक पहचान दिलाने में उनका अग्रणी योगदान रहा । प्रो. चंदोला की सेवानिवृत्ति पर कुलपति प्रो.दीवान सिंह द्वारा सम्मानित किया गया।

# फाइनेंस कंपनी कर्मी 1.33 लाख रुपए लेकर फरार

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

एक फाईनेंस कम्पनी का कर्मी ॠण धारकों का जमा कराये 1-33 लाख रूपये लेकर फरार हो गया। कोर्ट के आदेश पर आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया गया है। रवि कुमार पुत्र रघुनाथ सिंह, आशीर्वाद माइको फाईनेंस लिमिटेड कम्पनी, रुद्रपुर ने अमित कुमार शर्मा पुत्र अनिवा शर्मा निवासी ग्राम नगवा थाना बुढ़ाना जिला मुजफ्फर नगर, उत्तर प्रदेश पर आरोप लगाते हुए कहा है कि आशीर्वाद माईको फाईनेंस लिमिटेड कम्पनी का रजिस्टर्ड ऑफिस चेन्नई में स्थित है। जिसकी शाखा कार्यालय वसुन्धरा ग्रीन, रूद्रपुर में स्थित है। कम्पनी व्यक्तिगत व ग्रुप लोन देती है। ॠण धनराशि सम्बन्धित ॠण धारकों से निश्चित समय पर किस्तों के रूप में धनराशि प्राप्त करती है। बताया कि अमित कुमार शर्मा को शाखा कार्यालय से सम्बन्धित ॠण धारकों से प्राप्त की गयी धनराशि की किश्तों को शाखा कार्यालय में जमा करने के उत्तरदायित्व भी दिया था। कम्पनी द्वारा 39 ॠण धारकों को ॠण आवंटित किया गया। उक्त ॠण धारकों ने अमित कुमार शर्मा को 6 अप्रैल 2022 से जून 2023 तक दिये गये ॠणों की किस्तों की धनराशि मध्ये 1,81,810 रुपये अदा किया है। आरोप है कि अमित कुमार शर्मा ने 48,760 रुपये जमा किये गये तथा शेष धनराशि हड़प ली गयी। 23 जून 23 को बिना सूचना दिये एवं अवकाश स्वीकृत बताये बिना एक ला0 तेतीस हजार पचास रुपये की धनराशि को अपने कब्जे में लेकर चला गया एवं उसने धनराशि हड़प ली। जिस कारण कम्पनी एवं कम्पनी के ॠण धारकों को आर्थिक व मानसिक क्षति की प्रताड़ना को झेलना पड़ा। शिकायत करने पर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# लूटकांड का आरोपी को गिरफ्तार किया, फरार आरोपियों की तलाश

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में तमंचे की नोंक पर हुई लूट के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से एक हजार रुपए और आधार कार्ड बरामद हुआ।

फरार तीन अन्य की तलाश में पुलिस कार्रवाई कर रही। विशाल पाल निवासी शिवनगर थाना ट्रांजिट कैंप ने पुलिस को तहरीर दी थी। तहरीर में कहा कि उसकी घास मंडी पीएसी गेट के पास चिकन की दुकान है और वह 18 जून 24 को दुकान बंद कर घर जा रहा।

आरोप है कि उसे शिवनगर पुलिया के पास में अमन पाण्डे, विकास दद्दा, सुमित राठौर, संजय कोली ने घेर



लिया और गाली-गलौज कर उसके पास से 12,000 रुपये तमंचे की नोंक लूट लिए। धमकी देते हुए भाग गए। प्रभारी निरीक्षक भारत सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। उन्होंने बताया कि घटना का खुलासा करने को पुलिस की टीमें बनाई गई। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच मौका मुआयना किया और सीसीटीवी कैमरे खंगाले। उन्होंने बताया कि लूट में शामिल विकास बाल्मीकि उर्फ दद्दा पुत्र सोनू बाल्मीकि निवासी ग्राम- नन्दगांव थाना-मीरगंज जिला बरेली यूपी हाल- जनपद रोड फुलसुंगा थाना ट्रांजिट कैम्प को जनपद रोड फुलसुंगा से गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके पास से एक हजार रुपए और आधार कार्ड बरामद किया। कार्रवाई के बाद उसे कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने जेल भेज दिया। उन्होंने बताया कि फरार अन्य तीन को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। टीम में एसआई गणेश पाण्डे, कांस्टेबल दिनेश चन्द्र, गौरव भाकुनी आदि शामिल रहे।

# सट्टे की खाईबाड़ी करते एक गिरफ्तार

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

पुलिस ने सट्टे की खाईबाड़ी करते हुए एक खाई बाड़ को गिरफ्तार किया है जिसके पास से हजार रुपए की नगदी सहित सट्टे में प्रयुक्त पर्चियां बरामद हुई पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया है।

काठगोदाम चौकी प्रभारी फिरोज अहमद को मुखबिर ने सूचना दी की एक युवक चांदमारी के समीप सट्टे की खाई बड़ी कर रहा है सूचना पाकर पुलिस ने दलबल के साथ मौके पर पहुंच कर खाई बाड़ को धर दबोचा और उसकी तलाशी जिसके पास से 1080 रुपए सहित सट्टे में प्रयुक्त पर्चियां बरामद हुई खाई बाढ़ ने पुलिस को अपना नाम करण गुप्ता उर्फ राहुल गुप्ता निवासी चांदमारी काठगोदाम बताया पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में भेज दिया है।